तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में गोदाम...





12 गौरमाटी में भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र पर की गई चर्चा




## खबर संक्षेप

### पुलगांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया की प्रस्तुति आज

**अंडा।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर जय सहाड़ा लक्ष्मी उत्सव समिति एवं वार्ड वासी के सहयोग से पुलगांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया गुरुर वाले का कार्यक्रम 6 नवंबर को रखा गया है। लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापना, हवन पूजन के बाद विसर्जन किया गया। आज आयोजतत रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव होंगे।

### नहाए खाए रस्म के साथ शुरू हुआ छठ पर्व

**बालोद।** छठ पर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाए खाए रस्म के साथ हुई। गुरुवार की शाम व्रती महिलाएं डूबते सूरज को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना करेंगी। वहीं, शुक्रवार को सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर छठ पूजा का समापन करेंगी। छठ पर्व मंगलवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ, बुधवार को महिलाएं खरना नामक रस्म निभाएंगी और छठी मैया का पूजा अर्चना कर व्रत रखकर सारा दिन निर्जला व्रत रखते हुए शुक्रवार को सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। छठ पूजा के लिए जिला मुख्यालय के बूढ़ापारा स्थित बूढातालाब में छठ पूजा और डूबते सूरज को अर्घ्य देने व्रती महिलाओं सहित उनके परिवार भारी संख्या में पहुंचेंगे।

### विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 13 व 14 को

**गुरूर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग व जिला प्रशासन बालोद द्वारा विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन 2 आयु वर्ग में किया गया है। प्रतियोगिता गुरूर के खेल मैदान में 13 व 14 नवंबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आयु 9 से 18 वर्ष 13 नवंबर को तथा 18 से 35 वर्ष के लिए 14 नवंबर को प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें एथलेटिक्यस 100, 400, तवा फेंक, खो–खो, हॉकी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कुश्ती, 50 किलोग्राम और 53 किलोग्राम, बॉस्केटबॉल, फुटबॉल, रस्साकशी, व वेटलिफ्टिंग वर्ग 9 से 18 वर्ष के लिए 40 और 45 किलोग्राम व 18 से 35 आयु वर्ग के लिए 45 और 49 किलोग्राम का आयोजन किया जाएगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय में विकासखण्ड खेल अधिकारी ज्ञानसिंह जुरासिया से संपर्क कर 5 से 9 नवंबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के लिए पासपोर्ट साईज फोटो व आधार कार्ड की छायाप्रति आवश्यक है।

### दुष्यंत हरमुख को मिलेगा खुमान लाल साव सम्मान

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान की घोषणा कर दी गई है। छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के क्षेत्र में खुमान साव सम्मान प्रसिद्ध बांसुरी वादक, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के संगीत निर्देशक अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दुष्यंत हरमुख को दिया जाएगा। नाम की घोषणा होते ही दुष्यंत हरमुख ने कहा कि जिन्हें मैंने जीवन भर गुरु माना, जिनसे सीखा उनके नाम के पुरस्कार की घोषणा से मैं बहुत अभिभूत हूं। बालोद जिले के ग्राम सकरौद निवासी बीएसपी कर्मी दुष्यंत हरमुख को संगीत के क्षेत्र में राज्य शासन द्वारा खुमान लाल साव सम्मान प्रदान करने की घोषणा की गई है। इस सम्मान की घोषणा पहली बार हुई है। सम्मान की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्हें बधाई देने वालों का दिनभर तांता लगा रहा। दुष्यंत हरमुख की पहचान बांसुरी वादन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार के रूप में है। इसके अलावा वे हारमोनियम में भी सिद्धहस्त हैं।

# निकाय चुनाव : आरक्षण का इंतजार, आचार संहिता को लेकर भी अटकलें तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश में ओबीसी सर्वे कराए जाने के बाद राज्य शासन द्वारा अब तक आरक्षण की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। वहीं, दूसरी ओर नगरी निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता की अटकलें भी तेज हो गई हैं। बहरहाल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आयोग द्वारा 12 नवंबर अंतिम प्रकाशन तय की गई थी, लेकिन इसमें 5 दिन का इजाफा करते हुए 27 नंवबर कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि, नगरीय चुनाव के लिए दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद आचार संहिता लग सकता है।

उल्लेखनीय है कि, राज्य पिछड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा सितंबर माह में ही सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया था। इस सर्वे के बाद माना जा रहा था कि, जल्द ही आरक्षण की प्रक्रिया में पूरी कर ली जाएगी। क्योंकि आरक्षण के कार्य निपटने के बाद राज्य शासन विधानसभा के उप चुनाव में व्यस्त है। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के नामावली के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ा दी है।

### इस माह के आखिरी सप्ताह में होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन




#### त्रुटियां मिलने पर सुधार के लिए बढ़ाया गया समय

अफसर की मानें, तो प्रदेशभर के कई जिलों से नाम जोड़ने के बाद त्रुटि सामने आई थी, जिसे सुधारने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 22 से 27 नवंबर तक तिथि बढ़ा दी गई है। इसके अलावा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव को एक साथ करने की भी खूब चर्चा हो रही थी। लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर निर्वाचन नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन जारी कर दिया गया है। वहीं, अंतिम प्रकाशन की तिथि भी तय हो गई है। उसके बाद माना जा रहा है कि, निकाय और पंचायत चुनाव आगे-पीछे होंगे। खैर इन तमाम बिंदुओं पर अंतिम फैसला राज्य शासन द्वारा ही लिया जाएगा।

परेशानी : राशन कार्ड सत्यापन को लेकर लापरवाही या जानबूझकर नहीं दे रहे ई केवाईसी ?

# पांच बार बढ़ाई गई तिथि फिर भी 14 प्रतिशत लोगों ने नहीं कराया राशन कार्ड का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राशन कार्ड सत्यापन की तिथि 5 बार बढ़ाए जाने के बाद भी जिले में अब भी तकरीबन 14 प्रतिशत कार्डधारियों ने ईकेवाईसी नहीं कराया। शासन द्वारा अब तक इनके राशन रोके जाने के संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हैं, इसलिए, सत्यापन नहीं कराए जाने और लगातार राशन का उठाव किए जाने के कारण इन्हें बोगस भी घोषित नहीं किया जा सक रहा है।

बता दें कि जिले में 2 लाख 80 हजार 218 राशन कार्डधारी हैं। इनमें सदस्य संख्या 9 लाख 84 हजार 111 हैं। इनमें से 8 लाख 14 हजार 321 सदस्यों ने ईकेवाईसी करा लिया है, जबकि राशन कार्डधारियों में से 1 लाख 34 हजार सदस्यों ने अभी तक ईकेवाईसी नहीं कराया है। विभाग के बताए अनुसार 86 प्रतिशत लोगों ने कार्ड का सत्यापन करा लिया है। अब शेष केवल यही 14 प्रतिशत रह गए हैं।

इधर, न तो इन कार्डों पर राशन के लिए रोक लगाई जा रही है और न ही इन्हें बोगस माना जा रहा है। ऐसे में अब तिथि तो बढ़ाई नहीं गई है लेकिन, आगामी दिनों में तिथि के छठवीं बार बढ़ाने की संभावना है। हालांकि माह नवंबर के लिए इन कार्डधारियों के लिए आवंटन नहीं होने की बात सामने आ रही है। परंतु खाद्य विभाग ने नवंबर महीने का इनका आवंटन भेजा है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार द्वारा राशन मशीनों के अपडेट के कारण पिछले दो दिन से राशन दुकानें बंद हैं, जिससे हितग्राहियों को राशन नहीं मिल रहा है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पिछले आठ महीनों से राशनकार्ड का सत्यापन चल रहा है। लेकिन अब भी 5 बार तिथि बढ़ाए जाने के बाद भी जिले के इन कार्डधारी अपने कार्ड के सत्यापन को लेकर संजीदा नहीं हैं।



#### पांच बार बढ़ाई गई अंतिम तिथि

खाद्य अधिकारी धर्मवीर ने बताया कि शासन द्वारा सत्यापन के लिए 5 बार तिथि बढ़ाई गई लेकिन, जिले के 14 प्रतिशत कार्डधारियों ने सत्यापन नहीं कराया। शासन की ओर से अब तक कोई नई तारीख जारी नहीं की गई है, साथ ही स्पष्ट निर्देश आने का इंतजार है।

#### बोगस हो सकते हैं राशन कार्ड

खाद्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने सत्यापन नहीं कराया, यदि ऐसे कार्डधारी खाद्यान्न लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जानकारी विभाग को देनी होगी। इसके लिए आधार कार्ड और एड्रेस प्रूफ मांगा जा सकता है। विभाग को आशंका है कि ये राशनकार्ड बोगस हो सकते हैं। लेकिन स्पष्ट दिशानिर्देश नहीं होने की बात कहते हुए अफसरों ने बताया कि सत्यापन नहीं करने पर राशनकार्ड शुरू नहीं होगा।

# सरदा पहुंचे पुलिस अधीक्षक साहू, घटनास्थल का स्वयं किया मुआयना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- दो दिन पहले हुई चोरी के आरोपियों को पकड़ने गठित की विशेष टीम

थाना बेरला क्षेत्र एवं जिला मुख्यालय के समीप ग्राम सरदा में बीते दो दिनों पूर्व की मध्यरात्रि में राजू साहू के ग्राम सरदा स्थित मकान में अज्ञात चोरों ने नगदी रकम व सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया था। इस पर पुलिस ने धारा 305 (क), 331 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच कर रही है। वहीं चोरी की उक्त घटना को एसपी रामकृष्ण साहू ने गंभीरता लिया है। मामले को देखते हुए वे स्वयं ग्राम सरदा पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं सायबर सेल व थाना बेरला प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं थाना व सायबर सेल स्टाफ मौजूद रहे। एसपी श्री साहू ने त्वरित टीम गठित करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाशी कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

## राज्योत्सव के उपलक्ष्य में प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में हुए कई कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में राज्योत्सव के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए छत्तीसगढ़ के स्थानीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके तहत बच्चों ने उत्साह के साथ फुगड़ी पिट्टूल बिल्लस खेले। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को हमेशा खेल भावना के साथ खेल खेलने की सीख दी। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया खेल में हार या जीत होना ही है, इसके कारण मन में आपसी द्वेष की भावना उत्पन्न न करें। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को अपने राज्य से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए स्थानीय फसलें, छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदियां, दर्शनीय स्थल, पारंपरिक पकवान , नृत्य एवं परिधान आदि से परिचय कराया। नवाचारी शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को समझाया कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया कहे जाने वाले हम छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी हैं, जिसका हमें गर्व होना चाहिए। प्रधान पाठक आशा कुजूर ने बच्चों को राज्योत्सव की बधाई दी।

# रायपुर के एलडीएस डांस ग्रुप ने लहराया परचम

## हसदा में हुई डांस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के कई स्थानों से प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- हसदा में दो दिवसीय दीपावली सांस्कृतिक संझा भव्य डाँस प्रतियोगिता हुआ संपन्न

बेरला ब्लॉक के ग्राम हसदा में पिछले 22 वर्षों से लगातार दीपावली में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साथ ही पिछले 6 वर्षों से भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन गांव के समिति जीवन यात्रा परिवार द्वारा किया जाता है। इस वर्ष भी दीपावली सांस्कृतिक संझा का कार्यक्रम ग्राम हसदा में दो दिवसीय किया गया। प्रथम दिवस में जय मां सरस्वती सांस्कृतिक कार्यक्रम हरदी की प्रस्तुति जगराता के रूप में हुई। वहीं द्वितीय दिवस भव्य डांस प्रतियोगिता से ग्राम हसदा की भव्यता देखते ही बन रही थी। प्रतियोगिता में पूरे छत्तीसगढ़ से प्रतिभागी शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा बताया कि पिछले 6 वर्षों से यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित है ग्रामीण अंचल में छुपी हुई सांस्कृतिक प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने का यह कार्यक्रम एक अच्छा माध्यम है। अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य चन्द्रिका प्रकाश वर्मा, डॉ चुरामन साहू, भाजपा नेता संध्या परगनिहा एवं गांव के उपसरपंच दिलीप वर्मा व सरपंच तेजश्वी पवन डहरिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मंच संचालक देवलाल सिन्हा तथा निर्णायक डॉ भगत राम साहू थे। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष टिकेंद्र देवांगन, सचिव ओमेश साहू एवं कोषाध्यक्ष वासुदेव सिन्हा सहित जीवन यात्रा परिवार के सभी सदस्य व समस्त ग्रामवासियों के साथ तीन हजार से ज्यादा दर्शक उपस्थित थे।



#### इन्होंने मारी बाजी

प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में प्रथम स्थान एलडीएस डांस ग्रुप सत्यम नगर रायपुर, द्वितीय स्थान जय मां करोकन्या डांस ग्रुप तारालिम, तृतीय पुरस्कार फ्रीडम डांस ग्रुप सड्डू रायपुर, चतुर्थ स्थान जी गैंग डांस ग्रुप गुधेली, पंचम स्थान जय मां भारती वी के डांस ग्रुप सुंगेरा, षष्ठम अंजू डाँस ग्रुप हसदा, सप्तम जाह्नवी ठाकुर डाँस ग्रुप जरवाय ने प्राप्त किया। वहीं, एकल व युगल डाँस में प्रथम स्थान बसंत चौहान कुगदा, द्वितीय कोमल नीतीश धरसींवा, तृतीय आर्य युगल डाँस रायपुर, चतुर्थ कृष्णा यादव टड़वा, पंचम भूमिका निषाद खुढ़मूढ़ी,षष्ठम लितिका गायकवार्ड हतपान, सप्तम पुरस्कार होसिका वर्मा हसदा रहे।

# ड्यूटी पर तैनात जवान की मौत



**बेमेतरा।** नेशनल हाईवे 30 स्थित बाईपास ग्राम चोरभट्ठी के पास वाहन जांच के लिए ड्युटी पर तैनात पुलिस कर्मी 32 वर्षीय जागेश्वर ठाकुर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवा पुलिस कर्मी को हार्टअटैक आने से उनका निधन हो गया। उधर, ड्यूटी पर तैनात जवान की मौत की खबर से परिवारजनों के साथ-साथ पुलिस महकमे में भी माहौल गमगीन हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जागेश्वर ठाकुर चोरभट्ठी के पास ड्यूटी पर तैनात था। इस दौरान वह अचानक गिर गया। इस पर वहां मौके पर मौजूद साथी पुलिस जवानों ने उन्हें उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल रवाना किया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिसकर्मी जागेश्वर ठाकुर जिले के बेरला ब्लॉक के ग्राम लेंजवारा निवासी बताया जा रहा है। सिटी कोतवाली थाना में मामले में मर्ग कायम किया गया है।

सड़क किनारे लगे सूचना बोर्ड में एक ओर लिखा शहरी क्षेत्र, दूसरे में ग्राम

# बेरला गांव या शहर? असमंजस में अफसर, बोर्ड से हो रहा भ्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

लोक निर्माण विभाग के साजा सब डिवीजन क्षेत्र अंतर्गत नगर मुख्यालय बेरला में इन विभाग की लापरवाही का अजब-गजब नमूना देखने को मिल रहा है। इससे प्रशासनिक कार्यशैली की जमकर फजीहत हो रही है।

दरअसल विकासखण्ड मुख्यालय स्थित नगर बेरला को शासन-प्रशासन द्वारा दशकों से नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त है। वहीं, इसी बीच धमधा क्षेत्र से बेरला नगर आगमन पर सड़क किनारे स्थित सूचक पट्टिका में पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार आला-अफसर इस बेरला नगर को गाँव लिखकर पूरा परिभाषा ही बदल दी है। इससे आसपास के क्षेत्रवासी भी हैरान हैं। यही नहीं, बेरला क्षेत्र में दूसरी ओर के सूचक बोर्ड में बकायदा इसे शहरी क्षेत्र का दर्जा दिया गया है। इससे बेरला सहित परिक्षेत्र के आम जनमानस में भ्रम की स्थिति है। जबकि नियमतः देखा जाए तो बेरला न तो ग्रामीण और न शहरी रीजन के बजाय एक नगरीय क्षेत्र है। जहाँ पर विकासखण्ड, जनपद, तहसील एवं नगर मुख्यालय होने के कारण दर्जनों शासकीय कार्यालय भी हैं। इसके बावजूद बेरला को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा दोयम दर्जे से परिभाषित कर आम लोगों में असमंजस फैलने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा बोर्ड को नहीं बदला जा रहा है। जबकि बेरला स्थित विश्राम गृह में रोजाना एक जिम्मेदार सब इंजीनियर की उपस्थिति दिनभर रहती है।







#### छोटी, लेकिन अहम प्रशासनिक चूक

नगर सहित अंचल के लोगों का कहना है कि बेरला नगर को कहीं शहर तो कहीं गाँव बताना यह छोटी लेकिन अहम प्रशासनिक चूक है, जो शहर व गाँव एवं नगर में फर्क नहीं कर पाने से एक तरह से शासन-प्रशासन की अज्ञानता को जगजाहिर करता है। कुछ लोगों ने कहा कि नगर, गाँव व शहर के लिए अपना अपना अलग जनसंख्या को लेकर मापदण्ड है, जिसके आधार पर ही कस्बे को नगर, गाँव अथवा शहर का दर्जा प्रदान किया जाता है। परन्तु प्रशासन द्वारा एक नगर को ऐसे दो अलग-अलग मापदण्ड से परिभाषित करने से विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा होता है। इस सम्बंध में जिला एवं विकासखण्ड प्रशासन को गम्भीरता से लेकर ध्यान देते हुए तत्काल बोर्ड को बदलवाना चाहिए, ताकि आम नागरिकों में असुविधा, असमंजस एवं भ्रम की स्थिति न हो।

## बी जामगांव में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती 8 को

**बालोद।** तहसील मंडल बालोद सिन्हा समाज द्वारा 8 नवंबर को बी जामगांव में भगवान सहस्त्रबाहु जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग होंगे। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैय्याराम सिन्हा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील मंडल बालोद के मंडलेश्वर दिनेश सिन्हा करेंगे। सचिव तहसील मंडल बालोद दानेश्वर सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे भगवान सहस्त्रबाहु पूजा अर्चना व कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन कर अतिथि स्वागत, प्रतिभा सम्मान, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, रामधुनी झांकी की प्रस्तुति होगी।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दीं छठ महापर्व की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्तर भारतीय और भोजपुरी समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को चार दिवसीय छठ महापर्व के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छठ पूजा 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ में सूर्य उपासना और छठी मईया के पूजन का यह पर्व आगामी 4 दिनों तक धूमधाम से मनाया जायगा। नहाय-खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व खरना, संध्या अर्घ्य, प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ समाप्त होगा। उन्होंने छठी मइया से प्रार्थना करते हुए कहा है कि छठ पर्व सब के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### खाद्य मंत्री ने विकास प्रदर्शनी का लिया जायजा




**रायपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने सोमवार शाम नया रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल पर खाद्य विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक संपत अग्रवाल भी इस दौरान उनके साथ थे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बघेल ने विभागीय स्टॉल में विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लोगों को जानकारी प्रदान करने लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्टॉल में आने वाले लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के स्टॉल में धान खरीदी और पीडीएस सहित कई योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

### 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रवादी नेता, प्रसिद्ध वकील, प्रबुद्ध पत्रकार और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की 5 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। राष्ट्र के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए श्री साय ने कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में देशबंधुजी ने अपनी एक स्वतंत्र छाप छोड़ी। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता नहीं किया। कई देशभक्तों की तरह उन्होंने भी असहयोग आंदोलन के अवसर पर अपनी वकालत छोड़ दी और अपनी सारी संपत्ति मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल को दे दी। वे अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और पत्रकारीय दृष्टिकोण के लिए भी जाने जाते थे। देशवासी उन्हें प्यार से 'देशबंधु' कहते थे।

### राप्रसे के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया सीएम का आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सोमवार को उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रणव सिंह, मनीष मिश्रा, नवीन कुमार ठाकुर, अभिलाषा पैकरा, विनायक शर्मा, अरुण वर्मा, गीता दीवान, अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, मधु हर्ष, ऋतु हेमनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इस दीपावली में पियक्कड़ 6 दिन में गटक गए 52 करोड़ रुपए से अधिक की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस दीपावली पर पियक्कड़ों ने शराब पीने में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस दीपावली पर धनतेरस से लेकर भाईदूज के दूसरे दिन तक यानी 6 दिनों में रायपुर जिले में 52 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक शराब की बिक्री हुई है, जबकि पिछले वर्ष की दीपावली में 6 दिनों में 47 करोड़ 82 लाख के करीब बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार के त्योहार में शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे आबकारी विभाग की कमाई भी बढ़ी है।



### साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई

आबकारी कार्यालय के अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की दीपावली त्योहार की तुलना में इस बार शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे विभाग को साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई है। शराब की बिक्री का आंकड़ा बताता है कि इस बार के त्योहार में पियक्कड़ों ने खूब जाम छलकाया है, जिससे जिले में इस बार 36.5 प्रतिशत शराब की अतिरिक्त बिक्री हुई है।

### लक्ष्मी पूजा के दिन सबसे अधिक शराब की बिक्री

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के लक्ष्मी पूजा के दिन शराब की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। इस बार लक्ष्मी पूजा के दिन 11 करोड़ 48 लाख से अधिक की शराब की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष 10 करोड़ 46 लाख से अधिक की बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार 9.7 प्रतिशत अधिक शराब की बिक्री हुई है। इसी प्रकार नरक चौदस के दिन 11 करोड़ 37 लाख 90 हजार 930 रुपए, गोवर्धन पूजा के दिन 10 करोड़ 94 लाख 30 हजार 700, भाईदूज के दिन 9 करोड़ 61 लाख 50 हजार 420, भाईदूज के दूसरे दिन 10 करोड़ 6 लाख 90 हजार 580 तथा धनतेरस के दिन 8 करोड़ 48 लाख 1 हजार 920 रुपए की बिक्री हुई है।

नए प्रस्ताव से समस्या जल्द होगी दूर

# 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में कहीं गोदाम-चबूतरे तो कहीं फड़ एवं शेड की कमी है। इन कमियों को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा इन उपार्जन केंद्रों में कमी व डिमांड के अनुसार गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार इन कार्यों में 255 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होनी है। मंडी बोर्ड जल्द ही प्रस्ताव को स्वीकृत कराने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को भेजेगा। हालांकि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद भी इस पर काम नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही शुरू हो पाएगा, क्योंकि 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने वाली है। ऐसे में धान खरीदी पूर्ण होने के बाद ही इसका काम शुरू किया जा सकेगा।

प्रदेश में धान उपार्जन का कार्य विपणन संघ के एजेंट के रूप में सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में प्रदेशभर में सहकारी समितियों द्वारा 2739 उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 692 ऐसे उपार्जन केंद्र हैं, जहां 3414 पक्का चबूतरा, 569 पक्का फड़, 644 पक्का शेड एवं 493 केंद्रों में 200 मीट्रिक टन के गोदाम बनाने की आवश्यकता है। इस तरह कुल 5120 उपार्जन केंद्रों में चबूतरे, शेड, फड़ एवं गोदाम जैसी समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। यह समस्या इस बार भी खत्म नहीं हो पाएगी, क्योंकि इस समस्या को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा बनाए गए प्रस्ताव को अभी मंजूरी मिल नहीं पाई है।



### दो चरण में किए जाएंगे कार्य

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रस्ताव को अगर स्वीकृति मिलती है, तो इसका काम दो चरण में किया जाएगा। पहले चरण में 50 प्रतिशत कार्य किए जाएंगे। पहले चरण के कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण में शेष कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

### सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड

उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड है। 692 उपार्जन केंद्रों में 3414 पक्का चबूतरों के निर्माण होना है। इसमें 49 करोड़ 84 लाख 44 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। इसी प्रकार 644 उपार्जन केंद्रों में 98'5x32'10x2' आकार के 1-1 शेड का निर्माण किया जाना है। इसमें सबसे अधिक 89 करोड़ 51 लाख 60 हजार रुपए खर्च होंगे। इसी प्रकार 493 केंद्रों में 2 सौ मीट्रिक टन का 1-1 गोदाम निर्माण में 65 करोड़ 76 लाख 62 हजार रुपए तथा 569 पक्का फड़ निर्माण में 50 करोड़ 81 लाख 17 हजार रुपए की लागत लगेगी। इस तरह कुल 5120 कार्यों में 255 करोड़ 93 लाख 83 हजार रुपए खर्च होंगे।

### दो चरण में किए जाएंगे निर्माण कार्य

> बैंकों के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा उपार्जन केंद्रों में शेड, चबूतरा, फड़ एवं गोदाम बनाने की मांग की गई है। इन मांगों के अनुसार 255 करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए खाद्य विभाग के सचिव को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दो चरण में निर्माण कार्य कराए जाएंगे।
>
> - एके डोडवानी, अधीक्षण अभियंता, मंडी बोर्ड

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का धरना प्रदर्शन अभनपुर बसस्टैंड में सोमवार को किया गया। धरना के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।

■ जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का अभनपुर में धरना

धरना प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में मौत के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया। वहीं उदित मुनिनाम साहेब के घर में घुस कर जानलेवा हमले को पूरा कबीर पंथी समाज पर हमला बताया एवं प्रशासन की अक्षमता को जिम्मेदार बताया। इसकी घोर निंदा करते हुए राज्य सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा, अब इस भाजपा सरकार को एक पल भी रहने का हक नहीं है। जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा कहा, जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी है, एक भी दिन ऐसी नहीं बीता जब बड़े अपराध नहीं हुए।

हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों का अब सरकार, प्रशासन पर से विश्वास उठ गया है। लोग स्वयं सड़कों पर आकर प्रदर्शन कर रहे, इससे बड़ी अराजकता कुछ भी नहीं हो सकती। प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, कोमल साहू, धनराज मध्यानी, चंद्रहास साहू, जीत सींग, डामन साहू, श्रवण चंद्राकर, बलविंदर, राधाकृष्ण टंडन सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए।

# मतदान दिवस के पूर्व 12 को अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होने वाला है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश और सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। मतदान दिवस के पूर्व 12 नवंबर को मतदान केंद्र वाले सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है, इस दिन मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

### 30 प्रत्याशी मैदान पर

बता दें कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए 30 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इस सीट पर चुनाव प्रचार 11 नवंबर की शाम को थम जाएगा। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान और इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

### ईवीएम का रेण्डमाइजेशन पूरा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी के समक्ष एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का रेडक्रॉस सभाकक्ष में द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन के बाद अंतिम रूप से तय किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में बीयू 719, सीयू 379 एवं वीवीपैट 425 का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया।

### सीईओ ने की पर्यवेक्षकों से मुलाकात

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा और व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दामोर ने मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उप-चुनाव को निर्बाध, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से कराने विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्योत्सव से बनाई दूरी गए ओडिशा प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मौजूद नहीं होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। मामले में जानकारी लेने पर पता चला कि डॉ. महंत ओडिशा के दौरे पर गए हैं।



यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। राज्योत्सव कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार की ओर से उनके कार्यालय में आमंत्रण भेजा गया था। उन्हें कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में भी शामिल किया गया था। बताया जाता है कि उनके कार्यक्रम के दौरान मौजूद नहीं होने को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। महंत के करीबी सूत्रों ने डॉ. महंत को ओडिशा में कांग्रेस पार्टी को मतबूत करने की जिम्मेदारी एआईसीसी ने सौंपी है। उसके संबंध में एक कार्यक्रम पूर्व में तय हुआ था। ओडिशा में दाना साइक्लोन आने के कारण उक्त कार्यक्रम उस समय रद्द हो गया था। अब उस कार्यक्रम को दीपावली के बाद 4 नवंबर को तय किया गया, उसमें शामिल होने के लिए उन्हें जाना पड़ा। ओडिशा प्रवास पर होने के कारण राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर वे मौजूद नहीं रहे। बताया गया है कि ओडिशा से 5 नवंबर को देर शाम रायपुर लौट आएंगे। राज्योत्सव के समापन में वे मौजूद रहेंगे या नहीं, इस संबंध में उन्होंने कुछ कहने से इनकार किया।

देश विदेश से जुटेंगे कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ

# रोड कांग्रेस के 83वें अधिवेशन में होगा तकनीकी प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऑल इंडिया रोड कांग्रेस का 83वां अधिवेशन रायपुर में 8 से 11 नवंबर तक होने वाला है। खास बात ये है कि इस आयोजन में देश- विदेश के कई कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, आईआईटी, एनआईटी सहित अन्य तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित करीब 3 हजार प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

बताया गया है कि अधिवेशन में मुख्य रूप से टेक्निकल प्रेजेंटेशन होंगे। देश-विदेश के साथ छत्तीसगढ़ की ओर से भी प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। अधिवेशन में केंद्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी विशेष रूप से शामिल होंगे।

### कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

बताया गया है कि इस अधिवेशन में श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों को भी शामिल कराया जा रहा है। इसके साथ ही देश के मेट्रो सिटीज के बड़े डेवलपर भी शामिल होंगे। बताया गया है कि ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस का यह अधिवेशन साल में एक बार अलग-अलग राज्यों में आयोजित होता है। छत्तीसगढ़ में पहली बार ये अधिवेशन होने जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ की भी होगा प्रेजेंटेशन

ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में विशेषज्ञों को उनके तकनीकी प्रजेंटेशन देने के लिए आमंत्रित कर रही है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ को भी प्रजेंटेशन देने कहा गया है। छत्तीसगढ़ द्वारा दिए जाने वाले प्रजेंटेशन में बताया जाएगा कि राज्य में सड़कों को लेकर किस तरह की समस्याएं है। प्रदेश में सड़कों की स्थिति कैसी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सड़क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए राय ली जाएगी।

### प्रमुख संस्थानों के लगेंगे स्टॉल

*प्रदेश के बहुआयामी विकास के प्रदर्शन के लिए अधिवेशन स्थल पर पॉवर एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के अग्रणी संस्थानों एनएमडीसी, एनटीपीसी, सेल (भिलाई स्टील प्लांट), छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी तथा विभिन्न विकास निगमों के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाए जाएंगे। अधिवेशन में आने वाले अतिथियों को छत्तीसगढ़ की कला, शिल्प और लोक संस्कृति से अवगत कराने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग, पर्यटन, संजीवनी, वन विकास इत्यादि के स्टॉल्स भी होंगे। अधिवेशन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे। राज्य के अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी सदस्यता देने कहा गया है। प्रदेश के अभियंताओं को देश की प्रमुख संस्थानों के वैज्ञानिकों के व्याख्यान द्वारा ज्ञानार्जन का अवसर मिलेगा। अधिवेशन में आने वाले प्रतिनिधियों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।*

हर बड़ी घटना के पीछे कांग्रेस नेताओं का हाथ

# किरण देव बोले- प्रदेश में अशांति फैलाने कांग्रेस कर रही साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, कांग्रेस प्रदेश में अशांति फैलाने के लिए साजिश कर रही है। हर बड़ी घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ है। जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वां राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को जनता के बीच रखने की विवशता है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देव ने साफ-साफ लफ्जों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसीलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है और फिर उस मुद्दे पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। श्री देव ने कहा, स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। इसी साजिश की कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफाए से कांग्रेस अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है।





### कई घटनाओं में कांग्रेसियों का हाथ

श्री देव ने कहा, अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं, समूचे प्रदेश की आस्था के केंद्र पर हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। श्री देव ने कहा, इसी तरह पूरे प्रदेश ने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाए गए। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। श्री देव ने कहा कि इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का जिला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में जिम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं। श्री देव ने कहा, लोहारीडीह कांड में भी बार-बार गांव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि कांग्रेस नेताओं को पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है, तो पुलिस को बता दे या पुलिस को जांच करने दे। श्री देव ने कहा, यही नहीं, केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लाक उपाध्यक्ष 500 रुपए के लाखों के नकली नोट के साथ पुलिस की गिरफ्त में है।

### सुशील बोले- भाजपा के अध्यक्ष कर रहे सरकार का बचाव

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, रोज हत्याएं हो रही, गोलियां चल रही। अपराधियों के हौसले ऐसे बुलंद है कि सेंट्रल जेल के बाहर दिन दहाड़े एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। अपराधिक तत्व इतने बेखौफ हो गए हैं कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। कल ही राजधानी में भाजयुमो के नेता, उसके साथी को चाकू मारकर लूट लिया गया। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांचवीं घटना हुई है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। दीपावली के दौरान चार दिनों में राजधानी में 9 हत्या हुई, प्रदेश के लगभग सभी शहरों में रोज ही हत्याएं हो रही हैं। श्री शुक्ला ने कहा, राजधानी में जेल के सामने जब गोली चल रही थी ठीक उसी समय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बिगड़ती कानून व्यवस्था पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार का बचाव कर रहे थे, कांग्रेस को कोस रहे थे। बेहद आपत्तिजनक है कि रोज हो रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करने सरकार और पुलिस को ताकीद करने के बजाय भाजपा अध्यक्ष सरकार की विफलता पर उसका बचाव करने में लगे हैं।



## खबर संक्षेप



### छठ पूजा में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के एक प्रतिनिधिमंडल और आयोजन प्रमुख राजेश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भूपेश बघेल को छठ पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। आयोजन प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि महादेवघाट पर नवंबर 7 को संध्या अर्घ्य होगा। इसके अलावा महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मुलाकात करने वालों में कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, परमानंद सिंह, राकेश सिंह, संजीव सिंह, अजय शर्मा, अनिल कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, वेद नारायण, रणजीत मिश्रा, जयंत सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्राकृतिक स्रोतों से होगा बीमारियों का इलाज

**रायपुर।** आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में बनने वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में मिट्टी, पानी जैसे प्राकृतिक स्रोत के माध्यम से विभिन्न तरह की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। यहां गैरसंचारी रोगों जैसे मोटापा, प्री-डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि का उपचार किया जाएगा। 90 करोड़ की लागत से बनने वाले इस संस्थान के माध्यम से लोगों को उपचार की सुविधा मिलेगी, साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को उपचार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस संस्थान के लिए निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा दस एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। यहां केंद्र स्पॉ और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा।

### छत्तीसगढ़ अपराधियों के शिकंजे में, कुशासन से परेशान हो रही जनता

**रायपुर।** राज्य आंदोलनकारी छसपा, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही कांग्रेस के असामाजिक तत्वों ने संगठित होकर अपराधियों के साथ अपनी फौज बना ली। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी पैसा दो, काम कराओ की नीति के कारण राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में जगह-जगह आपराधिक और अनैतिक कार्यों का बोलबाला है। इसी क्रम में एक सप्ताह में 9 हत्याएं और 4 नवंबर को जेल परिसर में गोलीकांड हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पदक से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता एक वर्ष में ही विष्णु देव सरकार के कुशासन से परेशान हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में जघन्य, आर्थिक अपराधी, गैंगस्टर, सरकार चलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विष्णु देव सरकार से अच्छा मुख्यमंत्री मानने लगे हैं।

# महाविद्यालयों में बैठने की जगह नहीं, स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर के शीर्ष महाविद्यालयों में जगह की ऐसी कमी हो गई है कि वे अपने निजी छात्रों को अब ऑनलाइन पढ़ाई कराने जा रहे हैं। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी निर्धारित दिनों तक कक्षाओं में उपस्थित रहना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर के बड़े महाविद्यालयों में सीट के लिए मारामारी की स्थिति रहती है। ऐसे में प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए बैठक व्यवस्था बनाने में निजी महाविद्यालयों को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात को देखते हुए शहर के शीर्ष महाविद्यालयों ने ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित करने का निर्णय किया है।

कई संकाय ऐसे हैं, जिनमें छात्र संख्या कम होती है। इन संकाय के विद्यार्थियों की कक्षाएं ऑफलाइन मोड में होंगी। बीए, बीकॉम में रेगुलर और प्राइवेट दोनों ही विद्यार्थी पर्याप्त संख्या में होते हैं। ऐसे में इनके लिए ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। इसके अलावा प्रायोगिक कार्य ऑफलाइन होंगे।

नियमित छात्रों के लिए संचालित होने वाली कक्षाओं को ही ऑनलाइन लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था कई महाविद्यालयों द्वारा की जा रही है, ताकि उनके लिए पृथक रूप से कक्षाओं का शेड्यूल ना बनाना पड़े।

### घटी है छात्र संख्या

गौरतलब है कि दुर्गा कॉलेज, महंत कॉलेज, डागा गर्ल्स कॉलेज में निजी विद्यार्थियों के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों के बाद मौजूदा सत्र में बीते सत्र की तुलना में छात्र संख्या घटी है। इस कारण इस बार केंद्र संख्या में भी कटौती की जा सकती है।



फाइल फोटो

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी अनिवार्य है 45 दिनों की कक्षाएं
- मौजूदा सत्र से लागू की जा चुकी है नई व्यवस्था, अब महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा माथापच्ची

### सुविधानुसार बंदोबस्त

मंगलवार को सभी स्वाध्यायी छात्रों को बुलाया गया है। इसके बाद छात्रों से चर्चा करते हुए उनकी सुविधानुसार ऑफलाइन-ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। जगह की कमी होने पर हाइब्रिड कक्षाएं संचालित करेंगे।

\- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

### आंतरिक मूल्यांकन पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं

जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, स्वाध्यायी छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन 1 से 10 नवंबर तक किया जाना था। इसके पूर्व प्राइवेट छात्रों को 20 अक्टूबर तक का समय ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिया गया था। इसके बाद छात्रों को संबंधित महाविद्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाकर फीस जमा करनी थी। इस मध्य दीपावली अवकाश भी घोषित कर दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया में विलंब व अन्य कारणों के चलते तय वक्त पर स्वाध्यायी छात्रों की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकीं। अब आंतरिक मूल्यांकन भी पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं होगा।

प्रेस वार्ता

# छत्तीसगढ़ को जानबूझकर आग में झोंकना चाहती है कांग्रेस : भाजपा

## भाजपा नेताओं ने प्रेसवार्ता में लगाया तनाव उत्पन्न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कांग्रेस द्वारा प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने प्रेस वार्ता ली। भाजपाईयों ने कहा कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। हमारा यह स्पष्ट आरोप है कि कांग्रेस जानबूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले ख़ुद अपराध को अंजना देती है, षड्यंत्र रचती है, फिर उस पर सरकार की घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय की गई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश–प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण पैदा करो। छत्तीसगढ़ में भी कई आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है।




### दामाखेड़ा मामले में भी कांग्रेस का हाथ

भाजपा नेताओं ने कहा कि अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। उन्होंने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।

### बलौदाबाजार कांड को भी योजनाबद्ध तरीके से दिया गया अंजाम

भाजपा नेताओं ने कहा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत से जमानत नहीं मिली। समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष भी इस कृत्य में ज़िम्मेदार था।

### यदि पता है कि दोषी कौन, तो पुलिस को बताएं

भाजपा नेताओं ने कहा कि लोहारीडीह कांड में भी बार-बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि उन्हें पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है, तो बता दें पुलिस को या पुलिस को जाँच करने दें। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में है। भाजपा सरकार प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध हैं, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है।

### सभी ज़िला मुख्यालय में किया जाएगा पुतला-दहन

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो–दो हाथ करने भाजपा कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते। दामाखेड़ा की कबीरपंथ के आचार्य के निवास में हुए हमले की हम घोर भर्त्सना करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अभिषेक शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया उपस्थित थे।

# ग्राम अंडा में श्री शिव महापुराण कथा जारी



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम अंडा मिलपारा में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रवचनकर्ता पण्डित सौरभ शर्मा बाबूजी महाराज अरमरी कला वाले ने कहा कि शिव का अर्थ ही सत्य है। सत्य के मार्ग पर चलना ही शिव की भक्ति है। 6 नवम्बर को सृष्टि वर्णन, अर्धनारीश्वर कथा, 7 नवम्बर को सती शिव चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 8 नवम्बर को श्री राम जन्म, भस्मासुर कथा, 9 को गणेश जन्म, कार्तिकेय जन्म, ताड़कासुर की कथा सुनाई जाएगी। 10 नवम्बर को पंचाक्षर महिमा, पार्थिव शिवलिंग पूजन यज्ञ, चढ़ोतरी, शिव सहस्त्रनाम पूर्णाहुति के साथ ही सिद्ध रूद्राक्ष का वितरण किया जाएगा।

### सीएम यादव बोले- हर घर में गोवंश का होना चाहिए पालन

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरानी बस्ती में सर्व यादव समाज के दीपावली मिलन समारोह में कहा, भगवान राम और अन्य सभी अवतार भगवान विष्णु के ही रूप हैं और भाजपा का एकमात्र उद्देश्य भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने गोवंश संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा, हर घर में गोवंश का पालन होना चाहिए, जिससे हर घर गोकुल का रूप ले सके। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत यादव समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# उजियार हमर चिन्हारी सामूहिक लोकनृत्य 9 को

- सामूहिक लोकनृत्य सुआ, करमा और राउत नाचा की प्रस्तुति
- बच्चों के लिए धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फाइल फोटो

उजियार हमर चिन्हारी का आयोजन 9 तारीख को टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर में किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए धान व बांस शिल्प पर कार्यशाला होगी। वहीं करमा, सुआ और राउत नाचा सामूहिक नृत्य का आनंद दर्शक उठा सकेंगे।

उजियार संस्था के संस्थापक नागेश वर्मा ने बताया कि युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ने यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ की बहुरंगी संस्कृति को उजियार के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी नए कॉन्सेप्ट के साथ उजियार कार्यक्रम के लिए संस्था के युवा तैयारी में लगे हैं।

श्री वर्मा ने बताया, कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित होगा। बच्चों के लिए इस बार धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला रखी गई है, जिसमें रामकुमार पटेल, पाटन आर्ट गैलरी और चन्द्रप्रकाश, धान कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। दूसरे चरण में ओपन माइक के माध्यम से युवा पीढ़ी प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जाएगा। गीत संगीत की प्रस्तुति होगी और तीसरे चरण में सांस्कृतिक संझा में सभी युवा मिलकर सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसमें प्रतिभागी करमा, सुआ, पंथी, राऊत नाचा में थिरकेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता व निर्देशक मोहित साहू, विशिष्ट अतिथि, खास पहुना में अंचल के कवि व गीतकार मीरअली मीर, सुशील भोले, रंगकर्मी राकेश तिवारी, लोकगायिका कविता वासनिक, फिल्म कलाकार राजू शर्मा, गायक अनुराग शर्मा, डॉ आकांक्षा साहू, वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर, अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रमोद साहू शामिल होंगे।

# बिगड़ा पहला ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार दूसरा चालू नहीं हो पाया, तीसरे की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरोना काल के बाद बिगड़ा डीके अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट अब सुधर गया है। जल्दी ही विशेषज्ञों की कमेटी की ओके रिपोर्ट के बाद इसका उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। पीएम केयर फंड से स्थापित प्लांट तकनीकी दिक्कतों के कारण शुरू नहीं हो पाया है और आयुष विवि परिसर से तीसरे ऑक्सीजन प्लांट की शिफ्टिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया। दावा किया जा रहा है कि डीके अस्पताल परिसर में लगाए गए तीनों प्लांट अगर एक साथ एक्टिव हो जाते हैं, तो उससे उत्पादित होने वाला ऑक्सीजन जरूरत होने पर दूसरे सरकारी अस्पताल को भी सप्लाई किया जा सकेगा। अभी अस्पताल अपने मरीजों के लिए ही ऑक्सीजन खरीद रहा है, जिस पर हर महीने लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। 2022 से बिगड़े प्लांट को चमकी-धमकी के बाद सीजीएमएससी द्वारा तय की एजेंसी ने पुनः सुधारना शुरू किया था, जिसका काम पूरा हो चुका है। अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि प्लांट की उपयोगिता साबित करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी का गठन किया गया है जो हर एंगल से प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर रही है। रिपोर्ट अगर ओके होता है तो इसका उपयोग किया जा सकेगा जिससे अस्पताल प्रबंधन का एक बड़े खर्च की बचत होगी।

### अनुमति के लिए पत्र व्यवहार

अस्पताल परिसर में कोरोनाकाल के दौरान पीएम केयर फंड से लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। काफी खर्च के बाद अस्पताल के भीतर तक पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा किया गया, मगर इसके उपयोग के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अनुमति पत्र हासिल करने के लिए सीजीएमएससी के जिम्मेदारों से पत्र व्यवहार किया है।




# शादियों के लिए अभी से सभी होटल और मैरिज हॉल बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 12 नवंबर से गूंजेगी शहनाई, हर सेक्टर में होगी जमकर कमाई



दीपावली के बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी से इस साल फिर से शहनाई गूंजेगी। नवंबर और दिसंबर के दो माह में करीब डेढ़ दर्जन मुहूर्त हैं। इसके लिए पहले से ज्यादातर होटल और मैरिज हॉल पैक हो गए हैं। इस दो माह के सीजन में हर सेक्टर को मिलाकर करीब 400 करोड़ की कमाई होने का अनुमान है। शादियों के सीजन को लेकर हर सेक्टर में बूम है। सराफा में जहां सोने-चांदी की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री हो रही है।

इस साल अक्षय तृतीया के बाद शादियों का मई और जून में मुहूर्त न होने कारण शादियां नहीं हुई हैं। जुलाई में जरूर आधा दर्जन मुहूर्त में शादियां हुई थीं, लेकिन इसके बाद से लोगों को मुहूर्त का इंतजार है। अब देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह होने प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार जहां नवंबर में थोक में 12 से 29 नवंबर तक 11 मुहूर्त हैं, वहीं दिसंबर में 4 से 15 दिसंबर के बीच में आधा दर्जन मुहूर्त हैं। ऐसे में अब फिर से शादियों का सीजन लौट रहा है। सीजन लौटने से पहले ही बाजार में रौनक है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शादियों के लिए लोग सराफा बाजार में जेवरों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि इस समय सोने की कीमत आसमान पर है, इसके बाद भी लोग सोने और चांदी के जेवर ले रहे हैं। लोग अपने बजट के हिसाब सोना ले रहे हैं। इसमें कम ग्राम की खरीदारी का तरीका अपनाया जा रहा है।

### 400 करोड़ का कारोबार

हाईलेवल शादियों के लिए बड़े होटल और मैरिज हॉल बुक किए जा रहे हैं तो बाकी छोटे मैरिज हॉल और भवन बुक कर रहे हैं। मैरिज हॉल के साथ कैटरिंग और टेंट वालों की भी बुकिंग हो गई है। कारोबारियों की मानें तो इस सीजन में सभी सेक्टरों को मिलाकर चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। टेंट कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, यह सीजन अच्छा जाने वाला है, क्योंकि इस बार मई और जून में शादियां न होने के कारण लोगों को नवंबर और दिसंबर के मुहूर्त का ही इंतजार था। इसलिए सभी ने अभी से बुकिंग करा ली है। सभी सेक्टर में अच्छे कारोबार की संभावना है।

### होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, सबकी पहले से बुकिंग

राजधानी में 50 से ज्यादा बड़े होटल और मैरिज हॉल हैं। इसमें करीब चार हजार कमरे हैं। इनमें से ज्यादातर शादियों के मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो गए हैं। लोग किसी भी कीमत में बाद में परेशान नहीं होना चाहते, यही वजह है कि नवंबर और दिसंबर के सभी मुहूर्त में होटल, मैरिज हॉल और छोटे सामुदायिक भवन भी बुक हो गए हैं। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से बुकिंग करा रहे हैं।

### दो माह के मुहूर्त

12 नवंबर
13 नवंबर
16 नवंबर
17 नवंबर
18 नवंबर
22 नवंबर
23 नवंबर
25 नवंबर
26 नवंबर
28 नवंबर
29 नवंबर
4 दिसंबर
5 दिसंबर
9 दिसंबर
10 दिसंबर
14 दिसंबर
15 दिसंबर

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## नहाए खाए रस्म के साथ शुरू हुआ छठ पर्व

**बालोद।** छठ पर्व की शुरुआत मंगलवार को नहाए खाए रस्म के साथ हुई। गुरुवार की शाम व्रती महिलाएं डूबते सूरज को अर्घ्य देकर छठी मैया की पूजा अर्चना करेंगी। वहीं, शुक्रवार को सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर छठ पूजा का समापन करेंगी। छठ पर्व मंगलवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ, बुधवार को महिलाएं खरना नामक रस्म निभाएंगी और छठी मैया का पूजा अर्चना कर व्रत रखकर सारा दिन निर्जला व्रत रखते हुए शुक्रवार को सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करेंगी। छठ पूजा के लिए जिला मुख्यालय के बूढ़ापारा स्थित बूढातालाब में छठ पूजा और डूबते सूरज को अर्घ्य देने व्रती महिलाओं सहित उनके परिवार भारी संख्या में पहुंचेंगे।

## लोक सेवा केन्द्र में लैपटॉप चोरी

**भिलाई।** लोक सेवा केन्द्र खुर्सीपार से एक लैपटाप चोरी हो गया है। घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। यह चोरी नगर पालिक निगम जोन 3 खुर्सीपार से हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित हेमंत कुमार ने बताया कि जिस लैपटाप को ने पार किया है।उसमें प्रतिदिन आधार कार्ड का अपडेट किया जाता है। इसके अलावा इस लोकसेवा केंद्र में और भी सरकारी योजनाओं से संबंधित कार्य के लिए लोग आते है। पुलिस के मुताबिक चोरी के समय सीसी कैमरा बंद मिला है। जिसकी वजह से पुलिस को आरोपी की तलाश करने में दिक्कत आ रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। जिससे मामले की तह तक पहुंच सकते है।

## होटल से सात जुआरी गिरफ्तार

**भिलाई।** जुआ खेल रहे सात जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंबे लाज कमरा नंबर 110 मे जुआ खेल रहे जुआरियों की जानकारी मिली। पुलिस ने टीम बनाकर दबिश देने पहुंचे। जहां से पुलिस ने विजय नगर दुर्ग निवासी सुनील यादव, लुचकीपारा राहुल कुमार लाखे, पोलसाय पारा राहुल जैन, शंकर नगर दुर्ग वरूण जोशी, शनिचरी बाजार दुर्ग प्रभात सिंह, मोह. तनवीर अहमद, नयापारा अजय यादव को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने ताश पत्ती और 51 हजार 400 रुपए जब्त किया है। जुआरियों को मुचलके पर रिहा किया गया है।

## खाते से निकाले एक करोड़, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक के साथ हुए करोड़ो की ठगी मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि मोबाइल दुकान संचालक रमेश कुमार मारकंडे की नेवई में दुकान है। विकास चंद्राकर मोबाइल रिपेयर कराने पहुचा था। रमेश से मोबाइल चलाने के लिए मांगा। दुकान में ग्राहक होने से रमेश ने उसे जो मोबाइल चलाने दिया उसमें से सिम निकालना भूल गया। उस सिम से संचालक अपना करंट अकाउंट चलाया करता था।

### नवागढ़ में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान युवाओं ने किया अखाड़ा का प्रदर्शन

# शोभायात्रा निकालकर किया गया मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के बस स्टैंड स्थित भव्य पंडाल में विराजित मां लक्ष्मी की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार की शाम को किया गया। प्रतिमा के विसर्जन के पूर्व धुमाल एवं पारंपरिक गढ़वा बाजा के संगीत के बीच युवाओं ने अखाड़ा का करतब दिखाते हुए नगर में शोभायात्रा निकली। नगर प्रधान विकास धर दीवान के नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ हुई, जो कि गौरव पथ के रास्ते मेन चौक से वापस गणेश मंदिर होते हुए माना बंद तालाब में समाप्त हुई। जहाँ प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इस शोभायात्रा में युवाओं ने लाठी, आग, आदि के विभिन्न अखाड़ा करतब दिखाए जिसे देखने नगरवासियों की भारी भीड़ जुटती नजर आई। इस बीच नगर प्रधान विकास दीवान ने आयोजन समितियों को बधाई देते हुए कहा कि नवागढ़ हम सब का है और इसे संवारने की जिम्मेदारी भी हमारी है। नगर के पारंपरिक तीज-त्योहारों में हम राजनीति को हावी नहीं होने देंगे। हम सबको नवागढ़ में धर्म, संस्कृति एवं विकास के लिए आगे आकर काम करना है। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री मिंटू बिसेन, पूर्व नप अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, सुरेश निषाद, मिथलेश पुरबिया, कृष्णा ध्रुव, दानिराम जायसवाल, तनु दीवान, लक्ष्मीचंद जैन, रामकुमार श्रीवास, भागवत सोनकर, तातु यादव, रामकुमार निषाद, सूरज टोन्ड्रे, राकेश यादव, राजेन्द्र यादव, शंकर सोनकर, राजेश निषाद, हेमा यादव, गणेश निषाद, राजा सोनकर, हरिकेश ध्रुव, मोहन चेलक, रवि साहू, बजरंग निषाद, जगमोहन सिंहा सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

### सियासी हलचल तेज

लगातार तीन दिनों तक हुए विभिन्न आयोजनों ने नगर में सियासी हवाओं में हलचल मचा दी है, नगर में अनेक प्रकार के कयासों का दौर शुरू हो गया है। अब देखना होगा कि दिवाली के इन पटाखों की आवाज कितनी दूर तक जाती है।



# गौरमाटी में भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र पर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानम्हरिया

- एक दिवसीय मानस सम्मेलन का हुआ आयोजन

ग्राम गौरमाटी में एक दिवसीय मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन कर्मा मंदिर प्रांगण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम पैलपार, हरदी, रगरा, खैरझिटीकला, उमराव नगर, चीजगांव, कोसमंदा, सूरजपुर की मानस मंडलियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें भगवान श्रीराम के चरित्र और आदर्शों का सुंदर चित्रण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया द्वारा राम दरबार के छायाचित्र की पूजा-अर्चना और आरती के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने भगवान राम के आदर्श चरित्र और हिंदू सनातन धर्म में उनकी मर्यादा पुरुषोत्तम छवि का महत्व समझाया। उन्होंने सभी को संगठित रहने की प्रेरणा दी और भगवान राम के चरित्र से प्राप्त होने वाली धैर्य, दयालुता, नेतृत्व क्षमता, मित्रता और परिवार के प्रति समर्पण जैसी महत्वपूर्ण सीखों को साझा किया।इस अवसर पर ग्राम वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और गोपाष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं।

कार्यक्रम में दीनदयाल साहू, लालाराम साहू, छेदीलाल सेन, संतोष पटेल, लीलाधर चंद्राकर, काशी अग्रवाल, कृपाराम साहू, बलराम यादव, बहर राम साहू, शत्रुघ्न सिन्हा, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पीलू सिंह पटेल द्वारा कुशलता से किया गया।

# जिले में झोला छाप डॉक्टरों की फिर खुल गई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- मौसमी बीमारियों के साथ सर्दी-खांसी के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे

ज़िले में झोलाछाप चिकित्सकों व उनके दवाखानों में मौसमी फ्लू सर्दी-खांसी, बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की भीड़ लग रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक मरीजों की जमघट उनके निजी घरों व अस्पतालों में देखी जा रही है। इसके बावजूद जिम्मेदार प्रशासन गम्भीर नहीं है। हालात यह है कि गांव-गांव में डॉक्टरी को कारोबार बनाये बैठे बगैर डिग्रीधारी व झोलाछाप चिकित्सकों के यहां सैकड़ों संदिग्ध मरीज पहुंच रहे हैं, जिनका सामान्य बीमारी समझकर इलाज किया जा रहा है। अधिकांश अवैध डॉक्टरों के क्लीनिकों में संक्रमण सम्बन्धी शासन-प्रशासन की गाइडलाइन व दिशानिर्देश का ज़रा भी पालन नहीं किया जा रहा है। रोजाना वायरल लक्षणों के संदिग्ध मरीजों को सामान्य उपचार कर उनकी जीवन व स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जबकि एक प्रशिक्षित व डिग्रीधारी डॉक्टर संदिग्ध वायरल लक्षण देखे जाने पर जांच की सलाह देते हैं, उसकी रिपोर्ट के आधार पर आगे का इलाज किया जाता है। लेकिन, प्रशासन की अनदेखी से लोगों की जान पर आफत मंडरा रही है।

### जांच के साथ दवा भी दे रहे




ग्रामीण अंचलों में आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां आने पर झोलाछाप डॉक्टर प्राथमिकी उपचार के नाम पर डिग्रीधारी चिकित्सकों की तरह मोटी फीस वसूल कर स्वयं ही दवाई भी बांट रहे हैं। जबकि वर्तमान में गांव-गांव में भी शासकीय योजनांतर्गत चिकित्सालय चल रहे हैं। परंतु स्थानीय रहवासी इन सब योजनाओं की जानकारी व जागरूकता के अभाव में इन स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। वहीं गंभीर किस्म की बीमारी के लिए बेमेतरा जिला मुख्यालय से लेकर रायपुर, दुर्ग, भिलाई सहित नर्सिंग होम से सेटिंग कर मरीजों को वहां तक पहुंचाने का जिम्मा भी ऐसे तथाकथित चिकित्सक उठा रहे हैं। इसके बदले कमीशन के रूप में अच्छी खासी राशि भी ले रहे हैं। मजे की बात तो यह है कि बीते साल जहां न्यायालय के आदेश पर ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई। किंतु फिर से एक बार इनके हौसले बुलंद हैं। फिर से वहीं दुकानें उसी जगह पर खुल चुकी हैं और बेखौफ होकर ऐसे चिकित्सक इस गोरखधंधे को ना केवल अंजाम दे रहे हैं। बल्कि ग्रामीण भोली-भाली जनताओं की सेहत के साथ खिलवाड़ भी करने में कोई कसर बाकी नहीं रख रहे हैं।

# विधायक दीपेश व महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता ने अटल प्रश्नमाला पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे



जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में ग्रामीण महिलाओं के लिए आयोजित किये जाने वाले अटल बिहारी बाजपेयी क्विज़ के पोस्टर का विमोचन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ललिता साहू ने किया। विधायक दीपेश साहू ने महिला मोर्चा के नवाचार की तारीफ करते हुए कहा कि इस बार की सरकार में महिला मोर्चा और महतारी वन्दन के लाभार्थी दीदियों का बड़ा योगदान है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष ललिता साहू ने अटल प्रश्नमाला तैयार किया है वो अभिनन्दनीय है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने विधायक साहू को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान प्रदेश कार्य समिति सदस्य रीना साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य लक्ष्मी साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी निशा चौबे, जिला पंचायत सदस्य बिंदिया मीरे, मंडल अध्यक्ष हेमलता शर्मा, उर्मिला निर्मलकर, मंडल महामंत्री ममता साहू, मंडल महामंत्री प्रेमलता नेमा मीनू पटेल पोस्टर विमोचन का हिस्सा बनी। आज नवागांव खुड़मूड़ी में महिला चौपाल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन से जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

# शासकीय विद्यालय खपरी धोबी को ग्राम पंचायत की ओर से दिया गया साउंड सिस्टम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सरपंच मुकेश ने किया भेंट

ग्राम पंचायत खपरी धोबी विकासखण्ड साजा के सरपंच मुकेश निर्मलकर ने शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी को अपने ग्राम पंचायत की ओर से एक मल्टीमीडिया साउंड बॉक्स प्रदान किया। सरपंच मुकेश निर्मलकर द्वारा पूजा पाठ कर नये साउंड सिस्टम से प्रार्थना कराया गया। जिसमें सरपंच मुकेश निर्मलकर, राजेंद्र निर्मलकर, सुनील निर्मलकर व प्रधान पाठक धनेश रजक, थूकेल राम तारम, चंद्रशेखर कश्यप, रुखमणी सेन, रावत मैडम व पहली से आठवीं तक के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। सुन्दर साउंड सिस्टम के माध्यम से प्रार्थना की। इस सराहनीय कार्य के लिए प्रधान पाठक धनेश रजक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका व बच्चों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया। सरपंच मुकेश ने कहा कि प्रधान पाठक धनेश रजक इस विद्यालय में ज्वाइन करने के बाद से साउंड बॉक्स की आवश्यकता के संबंध में चर्चा की थी।

आज आप सबके सहयोग से यह साउंड बॉक्स स्कूल को प्रदान किया जा रहा है। इससे कार्यक्रमों के आयोजन में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जो जरूरत स्कूल को होगी, उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे।

# पुरुषोत्तम सिंह को मिला गौ रक्षक सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



लक्षेश्वर धाम सालधा (बेमेतरा) में गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए यात्रा के तहत दीपोत्सव के साथ मानस महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन ज्योतिष पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य बद्रिकाश्रम के अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के आतिथ्य और दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में हुआ।

इस आयोजन में बालोद जिले के नाड़ी विशेषज्ञ मानस (वेदांत) प्रवक्ता समाज सेवी गौभक्त पुरुषोत्तम सिंह राजपूत को गौ रक्षा, समाज सेवा और मानस के क्षेत्र में समर्पित और विशिष्ट कार्यों के लिए गौ रक्षक सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा प्रदान किया गया। अलंकरण प्राप्ति के लिए तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष क्रियायोग के आचार्य गोपाल राम वर्मा, गोपाल गोरक्षा एवं अनुसंधान केंद्र गौशाला डौंडी अध्यक्ष हिंछा राम साहू, संरक्षक छगन यदु, राधेश्याम सिन्हा, सुकालु कोठारी, जीवन धनकर, राजपूत समाज बालोद से लादू सिंह मोकावत, पुस्कर सिंह राजपूत, जयकरण सिंह परिहार, योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ बीआर साहू, आंजनेय नंदन सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर सेवा समिति बेलमांड के उपाध्यक्ष रमेश कुमार रावते, प्रमोद साहू, नेमी साहू, योगेश्वर यादव, द्वारिका प्रसाद लेण्दिया ने हर्ष व्यक्त किया।

## ग्रामीण ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन, मांगा न्याय

**लाटाबोड़।** विकासखंड गुंडरदेही अंतर्गत ग्राम पसौद निवासी देवसिंग साहू ने सोमवार को बालोद पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर समाज के कुछ लोगों पर समाज से बहिष्कृत कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। देवसिंग ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए आवेदन में समाज के ग्रामीण अध्यक्ष सहित ग्राम के 11 लोगों की नामजद शिकायत की है। उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों से समाज वालों ने हमारा बहिष्कार कर दिया है। किसी प्रकार का सहयोग नहीं कर रहे हैं। सामाजिक शादी, ब्याह, छट्ठी, मृत्यु सहित अन्य किसी भी सामाजिक कार्यक्रम में मुझे निमंत्रण नहीं दिया जाता है। मुझे मेरे पुत्र-पुत्रियों का विवाह कराना है। गांव में रहकर समाज से सहयोग प्राप्त करना है, किन्तु गांव समाज वालों के कारण प्रताड़ित हो रहा हूं। देवसिंग ने पुलिस अधीक्षक से उक्त मामले में न्याय दिलाने का आग्रह किया है। वहीं, इस संबंध में बालोद पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत ने मामले की निष्पक्ष जांच करवाकर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# अचौद व मनोहरा में धूमधाम से मनाया गया मातर महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली उत्सव कार्यक्रम में पांचवे दिन भाई दूज के अवसर पर कई गांव में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम अचौद एवं ग्राम मनोहरा में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सभी की खुशहाली की कामना की। ग्राम में पहुँचने पर ग्रामीणों ने पारम्परिक राउत नाचा से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में संस्कृति और सभ्यता को गांव के हर व्यक्ति हर नागरिक हर मातृ शक्ति ने जीवित रखा है। ऐसे वरिष्ठ लोग व माताएं बहनें बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने हमारी संस्कृति और परंपरा को बनाए रखा है। प्रत्येक वर्ष ऐसे उत्सव ग्राम में भाईचारा व समरसता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, ऐसे आयोजनों में सभी ग्रामवासियो को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप में जनपद सदस्य दीपक साहू, सरपंच उतरा बसंत चंद्राकर, जनपद सदस्य ममता निजानंद चंद्राकर, सरपंच आरोप चंद्राकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित

# शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में हुआ जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में 5 नवंबर को जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राधेश्याम नायक, सेवानिवृत्त डी.आई.जी थे। उन्होंने जनजातीय समुदाय के योगदान पर व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला सचिव वनवासी विकास समिति एवं जिला कार्यक्रम संयोजक कृष्णा साहू थे। उन्होंने 1780 में प्रथम जनजातीय विद्रोह के नेतृत्वकर्ता तिलखा मांझी के योगदान पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राजू लाल कोसरे ने वीर नारायण सिंह एवं बिरसा मुण्डा के संबंध में जानकारी दी।






कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत-ऐतिहासिक सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान विषय पर रंगोली, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मध्य में आरआरआर फिल्म का लघु वीडियो दिखाया गया।

इसके साथ ही छात्र-छात्राओं ने आदिवासी समुदाय पर आधारित नृत्य का मंचन किया। कार्यक्रम प्रभारी नेहा ध्रुवे, सह संयोजक नंदकिशोर सिन्हा थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू व आभार प्रदर्शन जसराज शर्मा, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्रोफेसर, अधिकारी-कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

